मीडिया समन्वयक कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 19 फरवरी 2018

## जामिया मिल्लिया में सांस्कृतिक उत्सव ' मिरास ' शुरू

जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः में आज से दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव ' मिरास ' शुरू हुआ जिसमें बैतबाज़ी, अंताक्षरी, नुक्कड़ नाटक, नृत्य, वाद विवाद, शास्त्रीय संगीत एवं गायन आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

जेएमआई के वाइस चांसलर प्रोफेसर तलत अहमद ने मिरास सांस्कृति उत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के आर्शीवाद से अस्तित्व में आए जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने शुरू से ही सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है, जिससे कि छात्रों की सभी प्रतिभाओं को उभारा जा सके। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि शाहरूख खान, किरण राव, कबीर खान, बरखा दत्त, वीरेन्द्र सहवाग, गगन अजीत सिंह जैसी फिल्मी, मीडिया और खेल जगत की अनेक प्रतिभाएं जेएमआई से उभरीं।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण के डीन, प्रो नवेद इक़बाल ने इस उत्सव के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि ' मिरास ' की जेएमआई के छात्रों की पढ़ाई से इतर छिपी विभिन्न प्रतिभाओं को आगे लाने और उभारने में बहुत बड़ी भूमिका रही है।

उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में विभिन्न अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में जेएमआई की वाद विवाद सोसायटी ने 60 और ड्रामा क्लब ने 6 पुरस्कार जीते।

मिरास उत्सव के मुख्य अतिथि, ब्रोडकास्टर एसोसिएशन के महा सचिव अजित अंजुम ने कहा कि अच्छा पत्रकार बनने के लिए अच्छा इंसान होना ज़रूरी है जिससे कि वह अपने राजनीतिक विचार रखने के बावजूद तटस्थ रिपोर्टिंग पर कायम रह सके।

इस दो दिवसीय उत्वस में अंग्रेज़ी, उर्दू और हिन्दी में वाद विवाद, नुक्कड़ नाटक, बिजनेस क्विज़, कविता लेखन, बैतबाज़ी, बुक कवर डिज़ाइनिंग, रचनात्मक लेखन, भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं शास्त्रीय गायन और लोक नृत्य आदि की प्रतियागिता होंगी।

प्रो साइमा सईद

मीडिया कोऑर्डनैटर